आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 14 लखनऊ, बुद्धवार 14 जुलाई से 20 जुलाई, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## पांच दिनों के अंदर हो निपटाएं तहसील–थाना दिवस की शिकायतें : योगी


लखनऊ। तहसील दिवस और थाना दिवस में आवेदन पत्र देने के बाद भी पीड़ित के भटकने का सिलसिला अब शायद थम जाए। जन शिकायतों के स्थानीय स्तर पर ही निस्तारण पर लगातार जोर देते रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दोनों कार्यक्रमों के दिन बदलते हुए सख्त निर्देश दिया है कि तहसील और थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण हर हाल में पांच दिनों के अंदर हो जाना चाहिए। इस आदेश पर अमल का उत्तरदायित्व जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक का होगा।मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि जन समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कोरोना संक्रमण कम हो चुका है, इसलिए तहसील दिवस और थाना दिवस की व्यवस्था को अच्छे से लागू किया जाए। सभी जिलों में अब तहसील दिवस मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होगा। थाना दिवस प्रत्येक दूसरे और चौथे शनिवार को होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील व थाना दिवस पर मिलने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण हर हाल में अगले पांच दिनों के अंदर कराया जाए। आवेदन पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से किया जाना चाहिए। किसी भी दशा में जन शिकायतें या समस्याएं लंबित नहीं रहनी चाहिए। प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा के लिए तहसील स्तर पर अपर



जिलाधिकारी और थाना स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी नामित किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारी भी इनमें शामिल होंगे। योगी ने कहा कि इन दिवसों में शिकायतों का निस्तारण समय से हो, इसके लिए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक उत्तरदायी होंगे। इधर, मुख्यमंत्री ने भी कोरोना की दूसरी लहर काबू में आते ही सोमवार से अपने सरकारी आवास पर प्रतिदिन सुबह नौ से ११ बजे तक मुख्यमंत्री जनता दर्शन कार्यक्रम शुरू कर दिया है।महंगाई के मुद्दे को लेकर भी सरकार गंभीर है। इसे लेकर योगी ने अधिकारियों से कहा कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार द्वारा आवश्यक खाद्य वस्तुओं के भंडारण की अधिकतम सीमा तय की गई है। खाद्य विभाग आवश्यक खाद्य वस्तुओं का मूल्य नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम उठाए। सभी जिलों में जमाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन द्वारा हर जिले में प्रतिदिन कम से कम सौ वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद किया जाए। उनकी दवा आदि की व्यवस्था के लिए आशा वर्कर का सहयोग लें। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर भी विचार करें।कोरोना महामारी के कारण जिन लोगों का असामयिक निधन हुआ है, उन भूमिधरों की वरासत उनके उत्तराधिकारियों के नाम पर खतौनी में दर्ज करने के लिए विशेष वरासत अभियान चलाया जा रहा है। यह अभी १८ जुलाई तक के लिए प्रस्तावित था, जिसे सीएम योगी ने अगले एक सप्ताह के लिए और बढ़ाने का निर्देश दिया है।

## पीवी सिंधु से बोले पीएम– जीतकर आएंगी तो मिलकर आइसक्रीम खाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २३ जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक खेलों के लिये जा रहे भारतीय खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिये उनसे वर्चुअल बातचीत की। खिलाड़ियों से बातचीत में हंसी मजाक का भी पुट था। उन्हें टोक्यो ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि रियो ओलंपिक से पहले उनकी आइसक्रीम छुड़वा दी गई थी, खुद पीएम ने खुलासा किया कि सिंधु के अभ्यास के दौरान उनके माता–पिता उन्हें आइसक्रीम खाने से रोका करते थे क्योंकि खेल में फिटनेस काफी मायने रखता है। पीएम मोदी ने कहा कि टोक्यो से लौटने के बाद वह खुद सिंधु के साथ आइसक्रीम खायेंगे। गौरतलब



है कि तोक्यो ओलंपिक खेलने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों पी वी सिंधु (बैडमिंटन) , नीरज चोपड़ा (भालाफेंक) सानिया मिर्जा (टेनिस), एम सी मैरीकॉम (मुक्केबाजी) , सौरभ चौधरी और इलावेनिल वालारिवान (निशानेबाजी), दुती चंद (एथलेटिक्स), मनप्रीत सिंह (हकी), विनेश फोगाट (कुश्ती) , साजन प्रकाश (तैराकी) , दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव (तीरंदाजी), आशीष कुमार (मुक्केबाजी) , मनिका बत्रा और अचंता शरत कमल (टेबल टेनिस) से प्रधानमंत्री ने बात की। इस बातचीत में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर , खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक, पूर्व खेलमंत्री किरेन रीजीजू, आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा के अलावा कई खिलाड़ियों के माता पिता भी मौजूद थे।

## भूटान में भीम–यूपीआई शुरू होने से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भूटान में भीम–यूपीआई क्यूआर आधारित भुगतान व्यवस्था शुरू होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और मजबूत होंगे। वित्त मंत्री ने डिजिटल तरीके से सेवा की औचारिक शुरूआत की। इस मौके पर वित्त राज्यमंत्री भागवत के कराड, वित्तीय सेवा सचिव देबाशीष पांडा



और संयुक्त सचिव मदनेश कुमार मिश्रा उपस्थित थे। भूटान के वित्त मंत्री ल्योंपो नामगे शेरिंग, भूटान के रयल मनेटरी अथरिटी (आरएमए) के गवर्नर दाशो पेन्जोर, भारत में भूटान के राजदूत जनरल वी नामग्याल और भूटान में भारत की राजूदत रूचिरा कम्बोज भी इस मौके पर उपस्थित थी। सीतारमण ने आरएमए और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के भीम–यूपीआई ऐप और रूपे कार्ड को भूटान की भुगतान प्रणाली से जोड़े जाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''... यह दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने वाला है।'' इस पहल से हर साल भारत से भूटान जाने वाले २,००,००० से अधिक सैलानियों को लाभ होगा। इसके साथ, भूटान यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) मानकों को अपनाने वाला पहला देश हो गया है। साथ ही भूटान एकमात्र देश है जो रूपे कार्ड जारी करेगा और स्वीकार करेगा। साथ ही भीम–यूपीआई स्वीकार करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने देश में विकसित रूपे कार्ड २०१६ में भूटान में शुरू किया था और दूसरे चरण की शुरूआत नवंबर २०२० में हुई।

## यूपी में कोरोना प्रोटोकॉल के साथ हो सकेगी पारंपरिक कांवड़ यात्रा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही यह बात साफ कर चुके थे कि कावड़ यात्रा को नहीं रोका नहीं जाएगा। लेकिन उत्तराखंड सरकार जिस तरह से कावड़ यात्रा को लेकर दुविधा में दिख रही है उससे कहीं ना कहीं शिव भक्तों के अंदर निराशा के भाव उत्पन्न जरूर हो रहे है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कावड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। योगी आदित्यनाथ ने टीम–९ को निर्देश दिए कि पारंपरिक कांवड़ यात्रा कोविड प्रोटोकॉल के साथ हो सकेगी। कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए कांवड़ संघों से संवाद कर न्यूनतम



लोगों की सहभागिता का अनुरोध किया जाए। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने उत्तराखंड ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कोरोना महामारी की तीसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए कांवड़ यात्रा (जुलाई–अगस्त) को अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है। योगी आदित्यनाथ ने अपने निर्देश में यह भी कहा कि कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति के बाद भी एग्रेसिव ट्रेसिंग और टेस्टिंग जारी रखी जाए। कोविड–१९ प्रबंधन के लिए गठित टीम–९ को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिशा निर्देश दिए कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग, त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। कल ४३ जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला, जबकि ३२ जनपदों में इकाई अंक में मरीज मिले।

## कोरोना वैक्सीन की किल्लत के चलते मेरठ में फिर रुका वैक्सीनेशन अभियान

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में वैक्सीन की फिर किल्लत हो गई है। ऐसे में सोमवार से फिर क्लस्टर टीकाकरण बंद कर दिया गया है। बताया गया कि १२ जुलाई को प्रदेश से केवल १६,६०० वैक्सीन की डोज प्राप्त हुई है और यह आपूर्ति तीन दिनों के लिए दी गई है। अगले तीन दिनों तक यही वैक्सीन प्रयोग में लाई जाएगी। बताया गया कि १३ जुलाई से होने वाले जनपद के समस्त क्लस्टर स्थगित कर दिए गए हैं। पूरे जनपद में कम क्षमता के साथ केवल स्टैटिक बूथ पर ही टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि ज्यादा तादाद में वैक्सीन आने पर फिर से क्लस्टर टीकाकरण शुरू किया जा सकता है।

# सम्पादकीय

## फिर से कोई जोखिम ना उठाएं

रमर मुखर्जी और अमेरिका स्थित अन्य संक्रामक रोग विशेषज्ञों ने इसे चिंता की वजह बताया है कि कोरोना वायरस संक्रमण की रिप्रोडक्शन दर (आर रेट) फिर से बढ़ने लगी है। बीते हफ्ते यह ०.७८ से बढ़ कर ०.८८ तक पहुंच गई। इस दर का मतलब यह है कि फिलहाल भारत में एक संक्रमित व्यक्ति औसतन एक से कम व्यक्ति में संक्रमण फैला रहा है। इसे संतोष की बात कहा जा सकता है, लेकिन अगर ट्रेंड बढ़ने का हो जाए, तो ये दर कितनी जल्दी १ या उससे ज्यादा हो जाएगी, कहना मुश्किल है। चिंता की बात लोगों की तरफ से बरती जा रही असावधानियां भी हैं। मसलन, खुद भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीते ६ जुलाई को मसूरी स्थित कैम्पटी फॉल पर सैलानियों की जुटी भारी भीड़ का वीडियो दिखाकर चेतावनी जारी की थी। १० जुलाई को ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि पहाड़ों में घूमना जान बचाने से ज्यादा जरूरी तो नहीं है। उसने लोगों से अपील की फिलहाल वे घर पर रहें और कोविड उचित व्यवहार बनाए रखें। ऐसा करके सरकार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन एक और पहलू ऐसा है, जिसका निर्णय खुद सरकार के हाथ में है। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का रुख चिंताजनक है, जबकि उत्तराखंड सरकार का क्या रुख है, यह अभी तक साफ ही नहीं हुआ है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की पहली लहर के दौरान पिछले साल कांवड़ यात्रा रद्द कर दी गई थी। इस बार हाल में हुई इतनी बड़ी तबाही को भुलाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे दी है। जबकि संक्रामक रोग विशेषज्ञों का कहना है कि कांवड़ यात्रा एक सुपरस्प्रेडर आयोजन हो सकता है। आरोप है कि उत्तर प्रदेश सरकार अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव से ठीक पहले हिंदू भावनाओं को आहत नहीं करना चाहती। लेकिन मुद्दा यह है कि महत्त्व हिंदुओं की जान का अधिक है, या उनकी अतार्किक भावनाओं का? अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार अगर इजाजत मिली, तो कांवड़ यात्रा के दौरान एक पखवाड़े में तीन से चार करोड़ यात्री हरिद्वार पहुंचेंगे। पिछले साल उत्तराखंड ने कुंभ यात्रा की इजाजत देकर सैकड़ों हिंदुओं की जान के लिए खतरा उत्पन्न किया था। बेहतर होगा कि दोनों राज्यों की सरकारें उस समय की हालत को याद रखें और फिर कोई जोखिम ना उठाएं।

# जो भी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास करेगा उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज नगर निगम गोरखपुर को अपना नया दफ्तर मिल गया है। नगर निगम गोरखपुर ने जो कार्यक्रम तय किए हैं उससे आज गोरखपुर को नई पहचान मिल रही है। योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के साथ मिलकर कुछ लोग लखनऊ में आतंक की बड़ी घटना को अंजाम देना चाहते थे। उनके पास से भारी मात्रा में गोला बारूद, अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए लेकिन समय रहते हुए इस षड्यंत्र को बेनकाब किया गया। प्रदेश की २४ करोड़ जनता को हर हाल



में सुरक्षा प्रदान की जाएगी। जो भी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास करेगा उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने ११ जुलाई को राजधानी लखनऊ में अलकायदा समर्थित अंसार गजवतुल हिंद से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। दावा है कि इन लोगों की आगामी स्वतंत्रता दिवस पर लखनऊ सहित कई शहरों में बम विस्फोट करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आतंकियों के निशाने पर बीजेपी के कुछ बड़े नेता भी थे। साथ ही आतंकियों के पास से धार्मिकस्थलों के नक्शे भी बरामद होने की बात सामने आई। अलकायदा समर्थित अंसार गजवतुल हिंद से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को अदालत ने १२ जुलाई को १४ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# केशव मौर्य ने जनता दर्शन में आये मरीजों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने सम्बन्धित दिये निर्देश

लखनऊ। प्रदेश के सहभागिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० द्वारा भवनों का निर्माण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाता है। निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री के परीक्षण के लिए उ०प्र० राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के मुख्यालय भवन में निर्माण सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। निर्माण सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना हो जाने से निर्माण सामग्री के परीक्षण में आसानी होगी और भवनों का निर्माण और बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। यह बातें वर्मा ने आज उ०प्र० राज्य निर्माण सहकारी संघ लि०, गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के मुख्यालय भवन में स्थापित निर्माण सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारम्भ करने के उपरान्त कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उ०प्र० राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० द्वारा निरन्तर शासन द्वारा आवंटित निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जैसे–जैसे हम अपने कार्य की प्रशंसा प्राप्त करेंगें वैसे–वैसे सहकारिता विभाग की प्रशंसा होगी। उन्होंने कहा कि अब केन्द्र में भी सहकारिता विभाग का अलग से मंत्रालय बन गया है। इस मंत्रालय के बन जाने से सहकारी समितियाँ और अधिक मजबूत होगी। सहकारी समितियों के मजबूत होने से किसान से सम्बंधित सभी कार्यों



को और मजबूती से किया जा सकेगा। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग केन्द्र के संरक्षण मे रहेगा। अब सीधे केन्द्र सरकार से जितनी भी प्रकार की योजनाएं एवं अनुदान होगा वह सीधे सहकारिता विभाग के पास आयेगा, जिससे विभाग प्रगति करेगा। प्रमुख सचिव, सहकारिता श्री बी०एल० मीणा ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानो को ऋण एवं उर्वरक सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। सहकारिता विभाग किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० के मुख्यालय भवन में निर्माण सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित हो जाने से संस्था द्वारा जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उसकी गुणवत्ता और अधिक सुदृढ होगी। उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० के प्रबन्ध निदेशक श्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा ३५ निर्माण प्रखण्डों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विभागों के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होने यह भी बताया कि शासन के मंशा के अनुरूप उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। संस्था निरन्तर व्यवसायिक प्रगति के पथ पर अग्रसर है। संस्था विगत वर्षों से आर्थिक रूप से काफी सुदृढ हुई है, और निरन्तर लाभ पर है। वित्तीय वर्ष २०१९–२० में संस्था द्वारा विभिन्न विभागों के रु० ५७५.३१ करोड़ एवं वित्तीय वर्ष–२०२०–२१ में ६०७.६६ करोड़ के कार्य कराये जा चुके हैं। उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० के सभापति श्री सूर्यप्रकाश पाल ने निर्माण सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला के शुभारम्भ के अवसर पर आये हुए अतिथियों का स्वागत किया, और उन्होनें यह भी कहा कि वर्तमान सरकार के अनुरूप संस्था द्वारा बेहतर गुणवत्ता पूर्ण एवं समय से निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक पी०सी०यू० श्री मनोज कुमार द्विवेदी, प्रबन्ध निदेशक, एल०डी०बी० ए०के० सिंह, प्रबन्ध निदेशक उ०प्र० राज्य भण्डारागार निगम श्री श्रीकान्त गोस्वामी, प्रबन्ध निदेशक सी०एल०डी०एफ० श्री राम प्रकाश, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि० के उप सभापति श्री आलोक सिंह सहित सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी एवं संचालकगण आदि उपस्थित रहे।

## युवक पर लाठी-ईटो से किया हमला मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भरसवा कुन्दनखेड़ा में रहने वाले एक युवक पर उसके भाई व भाभी ने लाठी–ईंटो से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने युवक को बचाया पीड़ित ने फोन कर इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुँचाया प्राथमिक उपचार होने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुँचकर एफआईआर दर्ज कराई पीड़ित बाबूलाल पुत्र शीतलादीन ने कोतवाली में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसके भाई रामू और रामू की पत्नी ने मिलकर अचानक से रात में लाठी और ईंट से हमला कर दिया जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## साइन सिटी और आर संस के निदेशकों पर एक और मुकदमा

लखनऊ। लोगों के हजारों करोड़ डकार कर राजधानी से भागे साइन सिटी के निदेशकों के खिलाफ गोमतीनगर कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। प्लाट दिलाने के नाम पर सैन्य कर्मी समेत चार लोगों से लाखों की ठगी की गई है। पीड़ितों की सम्मिलित तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं आर संस कंपनी के निदेशकों के खिलाफ प्लट के नाम पर ३.२५ लाख की ठगी का मुकदमा गोमतीनगर कोतवाली में दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।नई दिल्ली कैंट निवासी विजय कुमार सैन्य कर्मी हैं। आरोप है कि उन्हें प्लाट खरीदना था। २०१६ में साइन सिटी के की टाउनशिप के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने संपर्क किया तो एजेंटों ने कई तरह की स्कीम बताई। स्कीम के अनुसार साढ़े छह लाख रुपये में प्लाट बुक करा दिया। वहीं, बनारस नाटी इमली निवासी संतोष उपाध्याय ने बीकेटी स्थित पैराडाइज योजना में आठ लाख रुपये देकर प्लाट बुक कराया। इसके बाद संतोष ने अपनी बेटियों के नाम पर १८ लाख रुपये का निवेश किया। उन्हें रुपये दोगुना करने का झांसा कंपनी के कर्मचारी तारिक अनवर और लता भारती ने दिया। वहीं, फतेहपुर छोटी बाजार के शोएब निहाल ने साढ़े चार लाख रुपये देकर प्लाट बुक कराया। जबकि पानदरीबा निवासी अंजुला माथुर ने १.२० लाख रुपये में प्लाट बुक कराया था। उक्त लोगों का आरोप है कि तय समय सीमा पूरी होने के बाद भी उक्त लोगों ने न तो प्लाट दिया और न ही रुपये बढ़ाकर दिए। जब रुपयों की मांग की तो निदेशक राशिद नसीम और उनके एजेंट धमकाने लगे। इसके बाद गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर राशिद नसीम उसके भाई और एजेंटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# टेलीग्राम एप के जरिये फैला था लखनऊ से गिरफ्तार आतंकी मिनहाज का नेटवर्क

लखनऊ। आतंकी संगठन अलकायदा समर्थित अंसार गजवातुल हिंद से जुड़ा आतंकी मिनहाज अहमद ही लखनऊ में इस माड्यूल का सबसे सक्रिय सदस्य था। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की शुरुआती छानबीन में सामने आया है कि मिनहाज करीब डेढ़ साल पहले टेलीग्राम एप के जरिए अलकायदा के हैंडलरों के संपर्क में आया था और उसके बाद उसके तार जम्मू–कश्मीर समेत कुछ अन्य राज्यों में सक्रिय युवकों से जुड़ गए थे।एटीएस को यह भी आशंका है कि मिनहाज और उसके साथी यहां एक नया माड्यूल भी तैयार कर चुके थे। हालांकि लखनऊ से रविवार को गिरफ्तार किए गए आतंकी मिनहाज व मसीरुद्दीन से जुड़े कई सवाल अब भी पहेली हैं। उनके जवाब अब दोनों से पुलिस रिमांड के दौरान उगलवाने के प्रयास किए जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि सोमवार रात की गई पूछताछ के दौरान दोनों अधिकतर सवालों पर चुप्पी साधे रहे। एटीएस ने उनके साथी शकील का घर तलाश लिया है, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा सकी है।उत्तर प्रदेश को दहलाने की बड़ी साजिश रचने वाला मिनहाज बेहद चालाक है। उसने अपने मोबाइल फोन से



टेलीग्राम एप व अन्य डाटा डिलीट कर दिया था। अब एटीएस उसके मोबाइल का डाटा रिकवर करने का प्रयास कर रही है। मिनहाज जम्मू–कश्मीर निवासी तौहीद व मूसा के भी संपर्क में भी था। कानपुर, संभल व कई अन्य शहरों में एटीएस की टीमें डेरा जमाए हैं और मिनहाज के कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं। एटीएस के सामने अब उसके संपर्क में रहे युवकों को तलाशने के साथ यह पता लगाने की भी चुनौती है कि मिनहाज अलकायदा के किन हैंडलर से सीधे जुड़ा था। उनके बीच किस तरह के संदेशों व सूचनाओं का आदान–प्रदान हो रहा था।मिनहाज ने जम्मू–कश्मीर निवासी तौहीद के खातों में रकम भेजी थी। यह रकम किस काम के लिए दी गई थी और दोनों के बीच क्या संबंध हैं। इनके जवाब भी बेहद अहम हैं। सूत्रों का कहना है कि संभल के निवासी कई युवक अलकायदा से जुड़े हैं और वे पाकिस्तान व अफगानिस्तान में हैं। उनके बारे में भी छानबीन की जा रही है। एटीएस मिनहाज के पासपोर्ट के बारे में भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए इमीग्रेशन से संपर्क साधा गया है।उल्लेखनीय है कि एटीएस ने रविवार को अलकायदा के आतंकी मिनहाज अहमद व मसीरुद्दीन उर्फ मुशीर को लखनऊ में गिरफ्तार किया है। एटीएस दोनों को मंगलवार सुबह रिमांड पर लेकर उनसे नए सिरे से पूछताछ शुरू करेगी। इससे पहले दोनों के परिवारीजनों व कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# लखनऊ में पीसीएस अधिकारी की पत्नी की हत्याकर भतीजे ने लगाई फांसी

लखनऊ। राजाजीपुरम ई–ब्लाक में सोमवार को पीसीएस अधिकारी घनश्याम वर्मा की पत्नी अनीता (४५) की हत्या उनके भतीजे अजीत वर्मा (३७) ने कर दी। वारदात को अंजाम देकर अजीत भी कमरे में गया और फांसी लगा ली। अनीता के पति घनश्याम प्रयागराज स्थित एजी दफ्तर में एआईजी रजिस्ट्रेशन के पद पर तैनात हैं। मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का दावा है कि अजीत डिप्रेशन में था। पुलिस घटना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की पड़ताल कर रही है।कर निबंधक घनश्याम वर्मा की पत्नी अनीता अपने दो बच्चों और भतीजे अजीत के साथ यहां ई–ब्लाक स्थित मकान में रहती थीं। एडीसीपी पश्चिम राजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक अनीता के बड़े बेटे का नाम अलंकार है। अजीत को घनश्याम ने यहां बच्चों की देखरेख के लिए रखा हुआ था। वह इनके साथ वर्ष २०११ से रह रहा था। अनीता घर से थोड़ी दूर पर स्थित एक डांस क्लास में रोजाना जाती थीं। सोमवार की शाम वह डांस क्लास जाने की तैयारी कर रही थीं। इस बीच उनका बेटा अलंकार अपना मोबाइल बनवाने के लिए गया था। जबकि छोटा बेटा सो रहा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि अजीत इस दौरान बहाने से अनीता को छत पर ले गया और उसने वहां पर उन्हें पीटा। उसके बाद बाथरूम का पाइप निकाल कर उससे अनीता का गला घोंट दिया। इसके बाद पड़ोस स्थित कमरे में खुद जाकर फांसी लगा ली।डांस क्लास से आने का जो अनीता का समय था उस समय वह घर पर नहीं पहुंची तो बच्चे चिंता करने लगे। काफी खोजबीन की कुछ पता न चला। उन्होंने अनीता को फोन मिलाया तो वह भी स्विच आफ था। अजीत का भी मोबाइल स्विच आफ मिला। बच्चों ने घनश्याम को फोन कर जानकारी दी। मंगलवार तड़के घनश्याम घर पहुंचे। खोजबीन की तो तीसरे तल पर बाथरूम में अनीता का शव पड़ा मिला। अजीत का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची फोरेंसिक टीम से घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।एडीसीपी ने बताया कि कई बिंदुओं पर घटना की पड़ताल की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी। परिवारीजन ने बताया कि अजीत डिप्रेशन में था। इस बात की भी जांच की जा रही है।

# बच्चा न होने पर किया मासूम का अपहरण

लखनऊ। एक जुलाई को अपहृत हुए मासूम को चिनहट पुलिस ने रविवार को बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहर्ता गोविंदा यादव को गिरफ्तार कर लिया। १० दिन बाद जब माता–पिता को बच्चा मिला तो वे सीने से लगाकर रोने लगे। सीतापुर जनपद के तमौर बेहटा पकोड़ी गांव निवासी सुध ाारा देवी, पति जफर और बच्चों के साथ तिवारीगंज में किराए पर रहती हैं। एक जुलाई को उनका तीन वर्ष का बेटा लाजिम लापता हो गया था। पुलिस ने उसकी खोज के लिए कई टीमें लगाई थीं। सर्विलांस की मदद से रविवार को चिनहट इंदिरानहर के पास से आरोपित गोविंदा यादव को गिरफ्तार किया गया।इंस्पेक्टर चिनहट घनश्यामणि त्रिपाठी ने बताया कि गोविंदा मूल रूप से देवरिया थानपार रानी गटिया का रहने वाला है। पुलिस ने सुधारा और उसके पति जफर को बुलाकर बच्चा उनके सिपुर्द कर दिया। बच्चा चोरी की घटना एक सीसी कैमरे में कैद हो गई थी।इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी को १४ वर्ष हो गए थे, पर कोई बच्चा नहीं था। बच्चे की चाह में उसने बच्चे को चोरी किया था। उनका परिवार टूटने वाला था। घर वाले और पड़ोसी ताना मारते थे। तानों से त्रस्त होकर उसने बच्चे को चोरी किया था।

# उत्तर प्रदेश के आगरा में २० लाख रुपये की अवैध शराब के साथ सात तस्कर धरे गये

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में नकली शराब बनाने वालों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने मंगलवार को सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने



तस्करों के कब्जे से लगभग २० लाख रुपये की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध ा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज ने बताया कि फतेहाबाद के गांव भीखनपुर के जंगलों में अवैध शराब बनाने का काम लंबे समय से चल रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापामार कार्रवाई कर जहरीली शराब बनाने वाले सात लोगों को दबोच लिया और इस दौरान तस्करों के दो साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। इस बीच प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जनपद के थाना एक्सप्रेस– वे पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये तस्कर की पहचान गौरव उर्फ तुषार के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू मारकर किया घायल


लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घर से टहलने निकले युवक पर दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते अचानक हमला कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान दबंगों ने युवक को चाकू मारकर फरार हो गए। जानकारी होने पर युवक के परिजनों ने घायलावस्था में युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने के बाद स्थानीय थाना आशियाना पहुंचकर दबंगों के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। स्थानीय पुलिस दो युवकों को कस्टडी में लेकर कार्रवाई में जुटी है। आशियाना थाना इलाके के भदरुख बंगला बाजार निवासी हमीद का सबसे छोटा बेटा शफीक मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद टहलने निकला था। उस दौरान पड़ोसी तीन युवकों बंगला बाजार एसबीआई बैंक के सामने युवक को घेर कर हमला बोल दिया और धारदार चाकू से युवक के गर्दन पर हमला कर मौके से फरार हो गए। लहुलुहान घायल युवक घर पहुंच भाईयों से। आपबीती बताई। युवक के भाईयों ने नजदीकी निजी अस्पताल में घायल का इलाज करा स्थानीय थाना आशियाना पहुंचकर पुलिस से आरोपी युवकों सूरज, सनी व रितिक के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। स्थानीय पुलिस ने दो आरोपी युवकों सूरज व सनी को कस्टडी में लेकर पूछताछ में जुटी है।

# पोते ने सिलबट्टे से कूच दादी की हत्या

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में एक पिता ने अपने पुत्र पर ही दादी की हत्या किए जाने का आरोप लगा स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ दादी की हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पोता अपने ७५वर्षीय दादी की हत्या कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है सरोजनीनगर कोतवाली प्रभारी महेन्द्र सिंह के मुताबिक बेहसा गांव निवासी चंपावती उम्र करीब ७५ वर्ष अपने पुत्र संत लाल व पोते नीरज के साथ रहती थी। चंपावती के दो बेटे व दो बेटियां है। बेटे संत लाल का पुत्र नीरज नशे का आदि है और अक्सर पैसों को लेकर झगड़ा करता रहता था ।बीती रात सोमवार को करीब दस बजे शराब के नशे में धुत होकर घर आया और अपनी दादी चंपावती से पैसो को झगड़ा करने लगा। पैसे न देने पर दादी से झगड़ने लगा ।तभी इसी दौरान जब चंपावती ने पैसा देने से इंकार कर दिया। इसी बीच नीरज आग बबूला हो गया पास में पड़ा सिलबट्टा उठाकर ताबडतोड़ उनके चेहरे और सीने पर कई वार कर दिए। जिससे चंपावती अचेत होकर वहीं मौके पर ही औंधे मुंह गिर गई। शोर सुनकर जब संत लाल अपनी मा के पास पहुंचा तो मेरा बेटा नीरज। उन्हें धक्का मारकर मौके से फरार ही गया। जब संत लाल ने अपनी माँ को देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ी थी। उनके नाक कान से खून निकल रहा था। वहीं बेटे संतलाल माँ मृत अवस्था मे देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी।सूचना प्रसारित होते ही महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनी नगर पुलिस ने मृतका चंपावती के बेटे संत लाल की तहरीर पर पोते नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में लग गई है।

# भाजपा राज में कमजोर वर्गों के ऊपर ज्यादा अत्याचार बढ़ा : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश में दो सरकारें समानांतर काम कर रही हैं। एक सरकार का भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व कर रही है और दूसरी समानांतर सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में अपना एजेंडा लागू कराती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता का दुरुपयोग करती है और आरएसएस समाज में बंटवारा पैदा करता है। इन दो पाटों के बीच जनता और विपक्षी कार्यकर्ता समान रूप से पिस रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि जिन पर कानून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी है, वही कानून का मजाक बना रहे हैं। न्याय देना तो दूर, उल्टे अत्याचार कर रहे हैं। सत्ता के संरक्षण में पनप रहे अपराधियों ने पूरे प्रदेश में अपना आतंक मचा रखा है। दलित–वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के ऊपर भाजपा राज में ज्यादा अत्याचार बढ़ गए हैं। जिला पंचायत और ब्लाक प्रमुख चुनावों में भाजपा ने सत्ता का जैसा खुला दुरुपयोग किया है, वह शर्मनाक है। लोकतंत्र की निर्ममता से हत्या की गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के बाद भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न जारी है। विभिन्न जनपदों में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पर बड़े पैमाने पर फर्जी मुकदमे लगा दिए गए हैं। अज्ञात में



तमाम लोगों को नामजद किया जा रहा है। भाजपा के अत्याचारों के सामने समाजवादी पार्टी झुकने वाली नहीं है। लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा विपक्ष को कुचलने और जनता की आवाज को दबाने में लगी है। आरएसएस भाजपाई दुष्प्रचार को हवा देने में सक्रिय है।समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर उनसे एक ही जिले में तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों (राजपत्रित अधिकारी) का तबादला करने की मांग की। सपा का आरोप है कि लंबे अरसे से एक ही जिले में तैनात यह अफसर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में बाधक बन सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी नरेश उत्तम पटेल द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन को देने पूर्व एमएलसी रामवृक्ष सिंह यादव, केके श्रीवास्तव व डा. हरिश्चंद्र पहुंचे थे। ज्ञापन में कहा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए इन अफसरों के तबादले बहुत जरूरी हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को पार्टी के विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे। विधानसभा चुनाव की रणनीति के साथ ही पंचायत चुनाव के प्रदर्शन पर समीक्षा की जाएगी। यह बैठक प्रदेश कार्यालय में सुबह १० बजे से होगी। बैठक के लिए ज्यादातर एमएलसी मंगलवार को ही लखनऊ पहुंच गए।

# हस्तिनापुर के पांडव टीले में एएसआइ ने शुरू कराई खुदाई, जल्द उठेगा रहस्यों से पर्दा


मेरठ। सरकार ने हस्तिनापुर के लोगों की सालों से चली आ रही मांग को मंजूर करते हुए पांडव टीले पर खुदाई का कार्य शुरू करा दिया है। टीम द्वारा पांडव टीले पर मौजूद अवशेषों को निखारने व आसपास नए अवशेषों को तलाशने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। सोमवार को कई प्राचीन अवशेष नजर आए। पांडव टीला जल्द ही आइकोनिक साइट के रूप में देखने को मिल सकता है। इसके लिए एएसआई द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आपको बता दें कि गत फरवरी में तत्कालीन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पांडव टीले का निरीक्षण किया था। उन्होंने पांडव टीले को आइकोनिक साइट में विकसित करने की बात कही थी। इसी कड़ी में एएसआइ टीम द्वारा पांडव टीले पर सोमवार से कार्य प्रारंभ कर दिया गया। मेरठ की प्राचीन ऐतिहासिक नगरी हस्तिनापुर स्थित पांडव टीला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अंतर्गत संरक्षित है। इसमें महाभारत कालीन अवशेष व कई कालों के रहस्य दफन हैं। समय–समय पर टीले से पौराणिक अवशेष मिलते रहते हैं। इन अवशेषों को एएसआइ कार्यालय पर तैनात कर्मचारी संरक्षित कर लेते हैं। इन सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार से एएसआइ की टीम ने यहां कई स्थानों पर पहले से मौजूद पौराणिक अवशेषों को तराशने व नए अवशेषों को तलाशने का कार्य प्रारंभ किया । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद् डीबी गणनायक ने बताया कि मेरठ सर्किल के अंतर्गत सभी उपमंडल कार्यालयों से कर्मचारियों को बुलाया गया है, जो सोमवार से कार्य कि प्रगति देखेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल पांडव टीले के तीन स्थान जयंती माता मठ, राजा रघुनाथ महल व अमृत कूप के समीप कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि टीले पर पहले से मौजूद पुरातात्विक महत्व वाले स्थानों को निखारा जाएगा और उसके इर्द–गिर्द सफाई की जाएगी। इसके अलावा इन स्थानों पर महत्ता दर्शाने वाले साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे। इससे पांडव टीले पर आने वाले पर्यटक हमारी प्राचीन धरोहरों को विस्तार व सुगमता से जान सकेंगे।

# बुजुर्ग का शव मिलने क्षेत्र में सनसनी

लखनऊ। निगोहा थाना अंतर्गत मंगलवार की सुबह अघैया गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में ६० वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को शिनाख्त कराने में जुट गई।मृतक बुजुर्ग के पास से एक डायरी बरामद हुई जिसमें मोबाइल नंबर लिखा हुआ था पुलिस ने लिखे हुए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया संपर्क करने पर मृतक बुजुर्ग की पहचान बुद्धी लाल निवासी बरगदिहा खेड़ा मजरा नंदौली निगोहा के रूप में हुई पुलिस द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई आनन–फानन में पहुंचे परिजनों ने बुजुर्ग को पहचानते ही फूट फूट कर रोने लगे ग्रामीणों के मुताबिक मृतक बुजुर्ग के सिर पर चोट का निशान है मृतक की पत्नी भगवान देई ने बताया की उनका पति सोमवार की दोपहर भावरेश्वर मेला जाने की बात कह कर घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं आये मंगलवार की सुबह गांव के समीप शव मिलने की सूचना मिली।भगवान देई ने बताया उनके दो लड़के और चार बेटियां हैं दोनो बेटे शिवकुमार व उमेश अलग रहते हैं वह अपने पति सहित बेटी सर्वेश और पूनम के साथ रहती थी ग्रामीणों के मुताबिक म्रतक बुद्धी लाल शराब पीने का आदी था। निगोहां थाना प्रभारी नंदकिशोर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कारवाई पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद कि जायेगी

# देश के कई हिस्सों में कोविड-उपयुक्त व्यवहार का घोर उल्लंघन देखा जा रहा है : सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को कहा कि देश के कई हिस्सों में कोविड–उपयुक्त व्यवहार का घोर उल्लंघन देखा जा रहा है जो इसे काबू में करने के लिए अब तक की मेहनत पर पानी फेर सकता है। देश में महामारी की स्थिति पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि लोग तीसरी लहर के बारे में ''मौसम अद्यतन'' के रूप में बात करते हैं, लेकिन यह समझने में विफल रहते हैं कि कोविड–उपयुक्त व्यवहार का पालन या इसकी कमी ही भविष्य की लहरों को रोकेगी या पैदा करेगी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉल ने कहा कि विश्व स्तर पर, कोविडघ्–१६ की तीसरी लहर देखी जा रही है और लोगों से यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया जाता है कि यह भारत में न हो। अग्रवाल ने कहा कि जुलाई में अब तक दर्ज किए गए कोविड–१६ के नए मामलों में से लगभग ७३.४ प्रतिशत केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा से थे। उन्होंने कहा कि देश के ५५ जिलों में १३ जुलाई को समाप्त सप्ताह के लिए




कोविड–१६ संक्रमण की दर १० प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि कोविड–१६ प्रबंधन में मदद करने के लिए महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, ओडिशा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड और त्रिपुरा में केंद्रीय टीमों को तैनात किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार भारत में एक दिन में संक्रमण से मौत के २,०२० मामले सामने आए और मृतक संख्या बढ़कर ४,१०,७८४ हो गई। वहीं, देश में ३१,४४३ नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर ३,०६,०५,८१६ हो गई।

# नीट के लिए आवेदन शुरू, पीजी परीक्षा 11 सितंबर को होगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की स्नातकोत्तर परीक्षा ११ सितंबर को होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यह घोषणा की। मांडविया ने ट्वीट किया, ''हमने नीट स्नातकोत्तर परीक्षा ११ सितंबर, २०२१ को कराने का फैसला किया है। युवा चिकित्सक अभ्यर्थियों को मेरी शुभकामनाएं।'' इससे पहले, १८ अप्रैल को प्रस्तावित नीट–पीजी परीक्षा को कोविड–१६ के मामले बढ़ने के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया था। केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि नीट (स्नातक




स्तर)की परीक्षा १२ सितंबर, २०२१ को पूरे देश में कोविड–१६ प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी।

# पत्नी से विवाद के बाद घर से निकले युवक की मौत

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के शेरपुर भौसा गांव में सर्वजीत रावत (२६) का शव बास कोठी में सोमवार को फंसा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिवारीजन ने शव की शिनाख्त की। युवक का पत्नी से वव्विाद चल रहा था, जव्सिके बाद से वह मायके चली गई थी। उधर, पोस्टमार्टम में सर्वजीत की मौत का कारण गला घोटना आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भौसा गांव निवासी शोभा रावत के बेटे सर्वजीत का विवाह ढाई माह पूर्व माल के सालहेनगर में रहने वाली चांदनी से हुआ था। चांदनी से कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। इसके बाद वह मायके चली गई थी। सोमवार को सर्वजीत भी घर से निकला था। दोपहर बाद तक जब वह घर न लौटा तो परिवारीजन खोजबीन करने लगे कुछ पता न चला। इस बीच ग्रामीणों ने शव एक बास कोठी में फंसा देखा। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा। पोस्टमार्टम में मंगलवार को सर्वजीत की गला घोटकर हत्या किए जाने का राजफाश हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दलाई लामा को लेकर तिब्बतीयों में चिंता, वहीं चीन तलाश रहा है मौका

धर्मशाला। अपनी बढती उम्र के चलते भारत में निर्वासन में रहे रहे तिब्बतीयों के अध्यात्मिक नेता दलाई लामा के भविष्य को लेकर भारत से लेकर अमेरिका तक चिंता है हालांकि दलाई लामा किसी को राजनीतिक या कूटनीतिक चुनौती देने की स्थिति में नहीं हैं। लेकिन यह भी सच्च है कि दलाई लामा की ही वजह से तिब्बती अंदोलन ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है, यही वजह है इस बार भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दलाई लामा को उनके जन्म दिन पर बधाई दी तो उसे बड़ी कूटनीतिक पहल के रूप में लिया गया। जिससे तिब्बतीयों में नई आशा की किरण जगी है तो चीन ने को यह नागवार गुजरा है हालांकि भारत आधिकारिक रूप से तिब्बत को चीनी लोक गणराज्य का अंग मानता रहा है। लेकिन मोदी की पहल के अपने मायने हैं। दलाई लामा हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से अपनी निर्वासित संसद और सरकार चलाते हैं, लेकिन भारत सरकार ऐसी गतिविधियों के सक्रिय समर्थन में खड़ी नहीं दिखना चाहती। कम से कम पिछले साल तक यही स्थिति रही। १५ जून २०२० को लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर खून बहा, हालांकि गोलियां नहीं चलीं। यह युद्ध और शांति के बीच की स्थिति है, लेकिन अब पीएम मोदी के प्रयास से हालात बदलने लगे हैं। माना जा रहा है कि भारत–चीन टकराव की मौजूदा स्थिति में तिब्बती बनाम तिब्बती जैसे किसी श्य से चीन पर बना दबाव बढ़ने के बजाय कुछ कम ही होगा। दलाई लामा की राय हमेशा से इस लड़ाई को मध्यमार्ग के जरिये लड़ने की रही है। अपनी इस राय पर अडिग रहने के लिए उन्होंने अपने बड़े भाई ग्यालो थोंडुप तक से दूरी बना ली, जो तिब्बत की आजादी के लिए सारे तिब्बतियों में सबसे ज्यादा सक्रिय रहे और इसमें सीआईए का सक्रिय सहयोग मिलने की बात भी बाकायदा किताब लिखकर स्वीकार की।दलाई लामा अपनी लड़ाई को सांस्कृतिक स्वायत्तता की मांग तक सीमित रखते हैं, जिस पर निर्वासित तिब्बतियों की नई पीढ़ी दबे ढंग से उनके प्रति नाराजगी भी जताती रही है। लेकिन दलाई लामा को गांधी का आध्यात्मिक बेटा यूं ही नहीं कहा जाता। निर्वासित तिब्बतियों में तिब्बत पर चीन के आधिपत्य को लेकर कई धाराएं पहले दिन से ही मौजूद रही हैं। तिब्बत का मुद्दा आज भी दुनिया के लिए दिलचस्प बना हुआ है तो इसकी अकेली वजह यह है कि उसे दलाई लामा का नेतृत्व हासिल है। हम इस बात से वाकिफ नहीं हैं कि निर्वासित तिब्बतियों में कितनी तरह के क्षेत्रीय और सांप्रदायिक टकराव मौजूद हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म के चार संप्रदायों में सैकड़ों साल से आपसी लड़ाइयां चल रही हैं और वे हाल तक जाहिर होती रही हैं। पूर्वी तिब्बत का लड़ाकू खाम इलाका खुद को लंबे समय से ल्हासा के आधिपत्य से मुक्त मानता आया है। लेकिन दलाई लामा के प्रभाव में ये सारे टकराव इतने मंद पड़ गए हैं कि बाहरी लोग उनके बारे में नहीं जानते और निर्वासित तिब्बती संसद में हर खेमा तिब्बत की आजादी या स्वायत्तता के साझा मुद्दे पर एकजुट दिखता है। इस लड़ाई को ज्यादा उग्र बनाने पर भीतरी टकराव उभर आने का भी खतरा है। अभी, दलाई लामा के ८६ पार करने पर निर्वासित तिब्बतियों के बीच इस बात को लेकर भी बातचीत जारी है कि दलाई लामा के बाद उनकी लड़ाई कैसे आगे बढ़ेगी।इसमें एक पहलू उनके उत्तराधिकार का है, जिस पर अमेरिका ने अपने यहां कानून पारित कर रखा है और चीन के बाहर पूरी दुनिया में इस पर सहमति है कि यह मसला तिब्बतियों को ही तय करने दिया जाना चाहिए। खुद चीन का कहना है कि किसी भी बड़े लामा का अवतार चीन सरकार की मोहर के बिना सत्यापित नहीं होता। लेकिन अंततः यह एक धार्मिक मसला है। कल को चीनी अपनी मोहर वाला १५वां दलाई लामा खड़ा भी कर देंगे तो कोई तिब्बती उसे पूजने नहीं जाएगा। बहरहाल, निर्वासित तिब्बतियों के लिए चिंता इससे आगे की है। १४वें दलाई लामा के बाद वे अपनी मर्जी का दलाई लामा तो चुन लेंगे, लेकिन उसके मजबूत होने तक तिब्बतियों का प्रतिनिधित्व कैसे होगा? निर्वासित तिब्बती संसद और खासकर प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग को अब इस पहलू पर ज्यादा काम करना चाहिए।



# सरकारी सेवा में रहते हुए हिजबुल मुजाहिदीन संस्थापक के दोनों बेटों ने कई बार टेरर फंडिंग में की मदद

नई दिल्ली। आतंकवादी संगठनों के साथ कथित तौर पर काम करने को लेकर बीते दिनों जम्मू कश्मीर में करीब ११ सरकारी कर्मचारी बर्खास्त किया गया है। बर्खास्त कर्मचारियों में हिजबुल मुजाहिदीन के संस्थापक सैयद सलाहुद्दीन के बेटे भी शामिल हैं। सैयद अहमद शकील और शाहिद यूसुफ भी आतंकी फंडिंग में शामिल थे। केंद्रीय जांच एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार दोनों ने सरकारी सेवा में रहते हुए क्रमशः छह और नौ मौकों पर आतंकी फंडिंग में मदद पहुंचाया था। अधिकारियों ने बताया कि एसकेआईएमएस में कार्यरत शकील और एग्रीकल्चर विभाग में कार्यरत शाहिद, सलाहुद्दीन के करीबी एजाज अहमद भट उर्फ घ्घ्एजाज मकबूल भट से कथित तौर पर आतंकी फंड प्राप्त कर रहे थे। टाइम्स अफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार ऐजाज १९६० में पाकिस्तान चला गया था और अब जम्मू–कश्मीर में सक्रिय आतंकी मड्यूल को धन इकट्ठा करने और स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी निभा रहा है। जम्मू–कश्मीर प्रशासन को आतंकी संबंधों से मुक्त करने की कवायद के तहत सरकारी सेवा से बर्खास्त किए गए शकील और शाहिद ने सऊदी अरब में कई स्थानों से आतंकी फंड प्राप्त करने के लिए कई पहचानों का इस्तेमाल किया। बता दें कि जम्मू–कश्मीर पीपल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि ११ सरकारी कर्मचारियों को ''मामूली आधारों'' पर बर्खास्त करना अपराध है और केंद्र संविधान को "रौंदकर छद्म राष्ट्रवाद की आड़ में" जम्मू–कश्मीर के लोगों को "निरूशक्त" बना रहा है। महबूबा ने कहा कि पिता के किए के लिए बेटों को नहीं सताया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के उन लोगों को हटाया गया। एक जांच अधिकारी ने दावा किया कि २००७ में षि विभाग के पिछले दरवाजे से नियुक्त शाहिद ने १९९९–२००० में एक पासपोर्ट पर दुबई गए थे, जिसमें सैयद सलाहुद्दीन के मूलनाम सैयद मोहम्मद यूसुफ के बजाय उनके पिता का नाम यूसुफ मीर बताया गया था। उसके साथ हिजबुल मुजाहिदीन का कथित आतंकी नासिर मीर भी था जो दुबई में रहता है। यात्रा के दौरान शाहिद कथित तौर पर अपने पिता सलाहुद्दीन से भी मिला था। वह नजीर अहमद कुरैशी से भी मिला, जो मूल रूप से बारामूला का रहने वाला है, लेकिन अब कथित तौर पर सऊदी अरब और लंदन से अपने हवाला सिंडिकेट को संचालित करता है और भारत में आतंकी गतिविधियों को वित्तपोषित करता है। सूत्र ने दावा किया कि शकील की आतंकी गतिविधियों का खुलासा तब हुआ जब एनआईए ने एक आतंकी फंडिंग मामले को अपने हाथ में ले लिया, जिसकी मूल रूप से दिल्ली पुलिस जांच कर रही थी। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ कि शकील ने २००६–१० में ऐजाज अहमद भट से ६ मौकों पर पैसे लिए थे।



# समाजवादी युवजन सभा का संगठन विस्तार एवं समीक्षा बैठक

गोरखपुर। समाजवादी युवजन सभा का संगठन विस्तार एवं समीक्षा बैठक सप्ताह का प्रारम्भ सपा कार्यालय पर हुआ। जिसके अन्तर्गत समाजवादी युवजन सभा जनपद गोरखपुर की जिला कार्यकारिणी, विधानसभा, ब्लॉक नगर कमेटियों की समीक्षा युवजन सभा प्रदेश उपाध्यक्ष रबिन सिंह यादव के द्वारा किया गया। रबिन सिंह यादव ने संगठन पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए और फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को मंत्र दिया। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने कहा कि जिला पंचायत ब्लॉक प्रमुख चुनाव में गुंडागर्दी करके भाजपा ने चुनाव जीता है। जिला अध्यक्ष युवजन सभा राहुल यादव ने संगठन को बूथ स्तर पर उतारकर २०२२ में माननीय अखिलेश यादव की सरकार बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को संकल्प दिलाया। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष हाजी शकील अंसारी,शब्बीर कुरैशी, भीम कुमार, अवधेश,राकेश, प्रदीप, वैभव पांडेय,रंजीत आर्य, संजू कन्नौजिया, अमित सिंह, आलोक श्रीवास्तव, वेद प्रकाश चौधरी, रतन द्विवेदी, राहुल तिवारी, अभिजीत पासवान ,अजय साहनी, राहुल चौरसिया, नीरज भट्ट, सहादत अली, प्रमोद यादव, राहुल गौड़, वैभव तिवारी विजय गोस्वामी, एजाज मलिक, सचिन यादव आदि लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिनांक १५ जुलाई को दिन में ११ बजे ब्लक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनावों में भाजपा सरकार द्वारा की गई धांधली से लोकतंत्र की हत्या के विरोध में जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदर्शन कर राज्यपाल महामहिम के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया जायेगा।



# अब जिलों में दारोगा भी बन सकेंगे थानाध्यक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपना एक फैसला पलट दिया है। सरकार ने तय किया था कि प्रदेश के सभी थाना की कमान सिर्फ इंस्पेक्टर्स को ही सौंपी जाएगी। इतना ही नहीं एक इंस्पेक्टर क्राइम कंट्रोल और दूसरा इंस्पेक्टर थाना इंचार्ज की व्यवस्था के तहत काम हो रहा था। अब इसमें फेरबदल किया गया है।प्रदेश शासन ने अब जिलों के थाना में दारोगाओं को भी थानाध्यक्ष बनाने का आदेश जारी किया है। पुलिस महकमे के इस आदेश के बाद से दारोगाओं को भी फिर से थाना की कमान संभालने का मौका मिलेगा। इस नए आदेश से दारोगा यानी सब–इंस्पेक्टर काफी खुश हैं। अभी तक सीनियर दारोगा भी सिर्फ चौकी इंचार्ज तक ही सीमित थे। अब सब सब इंस्पेक्टर को भी जिलों में ज्यादा थानेदारी मिलेगी। शासन ने पुराना नियम शिथिल करने जिलों के थाना में ५० प्रतिशत दारोगा को थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने का निर्देश जारी किया है।उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रदेश सरकार लगातार नए प्रयोग में लगी हुई है। इसी क्रम मे समस्त थानों में योग्य, कर्मठ, कार्यकुशल और अच्छी सत्यनिष्ठा वाले थानाध्यक्ष ही तैनाती का आदेश जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि जनपदीय पुलिस एवं राजकीय पुलिस के समस्त थानों एवं नवसृजित थानों में कानून एवं व्यवस्था को और अधिक चुस्त–दुरूस्त बनाने के लिए योग्य, कर्मठ, कार्यकुशल और अच्छी सत्यनिष्ठा वाले थानाध्यक्ष ही तैनात हो। इसे सुनिश्चित करने के लिए



शासन ने निरीक्षक/उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों को थानाध्यक्ष के रूप में तैनात करने के सम्बन्ध में आदेश पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को दिये हैं।अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्था ने बताया कि शासन के निर्देशों में कहा गया है कि थानों में थानाध्यक्ष के रूप में निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों की तैनाती उनकी उपयुक्तता, योग्यता, कर्मठता, कार्यकुशलता, सत्यनिष्ठा एवं व्यवहारिक दक्षता के आधार पर ही की जाए। इससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षकों उपनिरीक्षकों का मनोबल बढ़ेगा तथा अन्य अधिकारियों को अच्छा कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यदि आवश्यक हो तो पूर्व में निर्गत आदेश में दी गयी दो तिहाई थानों में थानाध्यक्ष के रूप में निरीक्षकों की तैनाती की व्यवस्था को शिथिल करते हुए यदि योग्य व उपयुक्त निरीक्षक उपलब्ध नहीं है तथा उप निरीक्षक उपलब्ध हैं, तो ५० प्रतिशत तक उपनिरीक्षकों की थानाध्यक्ष के रूप में तैनाती की जा सकती है। इस व्यवस्था के अनुसार निरीक्षकों/उपनिरीक्षकों की थानाध्यक्ष के रूप में तैनाती की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को दिए गए हैं। उक्त व्यवस्था को सुनिश्चित करना और यह सुनिश्चित करना कि सभी थानों में योग्य, कर्मठ, कार्यकुशल और अच्छी सत्यनिष्ठा वाले थानाध्यक्ष ही तैनात हों, सम्बन्धित पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा। उत्तर प्रदेश शासन में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से इस बाबत पत्र पुलिस महानिदेशक को जारी कर दिया गया है। माना जा रहा है कि जिलों के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट में कई नए थाना खोले जा रहे हैं। इसी कारण निरीक्षकों के साथ ही उप निरीक्षकों को भी थाना की कमान सौंपी जाएगी।

# अद्भुत पूल : दुनिया का सबसे घर पूल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

कभी कभी कोई निर्माण अदभुत और अपने करिश्माई निर्माण से काफी चर्चित हो जाती है. इनका आकर्षण न सिर्फ पर्यटकों को आकर्षित करता है अपितु यह चर्चा है . दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने इस पूल के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'डीप डाइव दुबई' में एक करते हैं.साथ ही पूल में मूड लाइटिंग भी लगी हुई है. पूल में भरे हुए १४ मिलियन लीटर पानी को नासा, अमेरिका द्वारा विकसित की गई सिलिसियस वॉल्केनोरॉकफिल्टॅर टेक्नॉललॉजी के जरिए हर ६ घंटे





का विषय बन जाता है . दुबई में दुनिया कै सबसे हगरा स्विमिंग पूल बनकर तैयार हो गया है. इसका नाम डीप डाइव दुबई रखा गया है. यह नाद अल शेबा एरिया में बनाया गया है. इस पूल की गहराई रिकॉर्ड ६० मीटर यानि लगभग २०० फीट है, जो ओलंपिक साइज के छह स्विमिंग पूल्स के बराबर है. इसमें १ करोड़ ४० लाख लीटर पानी आता है. इस पूल को जलमग्न शहर की तरह बनाया गया है. यानि इसके अन्दर एक शहर समाया हुआ पूरी दुनिया समाई हुई है. दुनिया के इस सबसे गहरे पूल का आकार भी बेहद खास है. यह विशाल सीप के आकार का है. १,५०० वर्गमीटर में फैले इस इलाके में एक डाइव शॉप, गिफ्ट शॉप और ८० सीटों वाला रेस्तरां भी है जो इस साल के आखिर तक लोगों के लिए खुल जाएगा. इस खास पूल में दो अंडरवॉटर ड्राय चेंबर भी हैं, जिनमें बैठकर लोग पूल का खूबसूरत नजारा देख सकेंगे. ५६ अंडरवटर कैमरे पूल को हर एंगल से कवर में फिल्टलर और सर्कुलेट किया जाता है. साथ ही डाइवर्स को आरामदायक वातावरण देने के लिए पूल के पानी का तापमान ३० डिग्री सेल्सियस पर रखा जाता है. फिलहाल 'डीप डाइव दुबई' पूल में केवल आमंत्रित लोग ही जा सकते हैं. इसके लिए पब्लिक बुकिंग जुलाई के अंत में शुरू होगी. इसके लिए पूल की वेबसाइट पर जाकर १० साल और उससे ज्या दा उम्र के लोगों के लिए बुकिंग कराई जा सकेगी।

# लूट का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में पुलिस ने दो वर्षो से लूट के मामले में फरार चल रहे शातिर को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र




से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार शातिर पर दर्ज मुकदमे में कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है सरोजनीनगर कोतवाली प्रभारी महेन्द्र सिंह ने गिरफ्त में आये शातिर की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्त में आये शातिर पर सरोजनीनगर क्षेत्र में दो वर्षो पूर्व एयरपोर्ट रनवे के सामने मोटरसायकिल व मोबाइल राहगीर से छीन कर भाग गया था ।जिसके खिलाफ सरोजनीनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था।मामले में वांछित चल रहे शातिर को थाना क्षेत्र के नादरगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के पूछताछ में शातिर ने अपना परिचय रिशु उर्फ विष्णु प्रताप सिंह पुत्र स्व पुत्र निवासी संदाना गांव थाना मौरावां जनपद उन्नाव के रूप में दिया है। गिरफ्त मै आय शातिर पर स्थानीय थाने में लूट के दो मुकदमे दर्ज है।शातिर पर दर्ज मुकदमों में कार्यवाही कर न्यायीक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# चुनाव में धांधली के विरोध में सपा उतरेगी सड़क पर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा सरकार पर धांधली का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में सभी तहसील मुख्यालयों पर १५ जुलाई को प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में जन समस्याओं को भी शामिल किया गया है। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी दिया जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। इस ज्ञापन में सपा बढ़ती महंगाई, नौजवानों की बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमले, हत्याओं पर रोक, किसानों को लाभकारी मूल्य देने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी सहित कई विषयों को शामिल किया गया है। गन्ना किसानों का १५ हजार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने, किसान विरोधी ृषि कानूनों की तत्काल वापसी, डीजल–पेट्रोल–रसोई गैस, बीज, कीटनाशक दवाओं के दाम कम करने आदि की भी मांग की जाएगी।समाजवादी पार्टी के ज्ञापन में महिला अपराधों पर रोक लगाने

समाजवादी पार्टी

व सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमें दर्ज न करने, कोरोना काल में सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराने, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने आदि की भी मांग की जाएगी। दलितों व अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार बंद करने के साथ ही पिछड़ों को २७ फीसद आरक्षण में कटौती बंद करने की मांग होगी।

# आगामी त्योहार को लेकर निगोहां में पीस कमेटी की हुई बैठक


लखनऊ। स्थानीय थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई , बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नंदकिशोर ने की मंगलवार को आगामी ईद उल अजहा त्यौहार को देखते हुए थाना प्रभारी नंदकिशोर की ओर से थाना परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय ग्राम प्रधान



एवं सम्मानित व्यक्तियों की बैठक बुलाई गई उन्होंने लोगों को बताया कि ईद उल अजहा का त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जाए कहीं कोई भी व्यक्ति अराजकता न फैलाएं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो तथा आपसी भाईचारा पर असर पड़े यदि किसी की ओर से कोई गलत कार्य वह बिना वजह का अफवाह फैलाया तो खैर नहीं होगा इस मौके पर सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# पर्यटन स्थलों और बाजारों में बिना मास्क भारी भीड़ का नजर आना चिंता का विषय : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पर्वतीय पर्यटन स्थलों और बाजारों में बड़ी संख्या में बिना मास्क लगाए और सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते हुए भीड़ का उमड़ना चिंता का विषय है। आठ पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कन्फ्रेंस के जरिये चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी की तीसरी लहर से लड़ने के लिये हमें टीकाकरण अभियान को लगातार बढ़ाते रहने की जरूरत है। बैठक में असम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और अन्य लोग शामिल हुए। मोदी ने कोरोना वायरस की तीसरी लहर रोकने के लिये लोगों से कोविड नियमों से समझौता नहीं करने की अपील की। मोदी ने कहा, "यह सच है कि कोरोना के कारण पर्यटन और कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लेकिन मैं आज जोर देते हुए यह कहना चाहूंगा कि पहाड़ी पर्यटन स्थलों और बाजारों में बिना मास्क के भारी भीड़ का जुटना सही नहीं है।" उन्होंने कहा, "हम सभी को कोविड–१६ महामारी की तीसरी लहर रोकने के लिये साथ मिलकर काम करने की जरूरत



है।" कोरोना वायरस के प्रत्येक स्वरूप पर नजर रखने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ लगातार इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि उत्परिवर्तन के बाद वायरस कितना परेशानी पैदा करने वाला हो सकता है, लेकिन ऐसी बदलती परिस्थितियों में रोकथाम और उपचार बेहद महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा, "हमें जांच और उपचार से जुड़ी अवसंरचना में सुधार कर आगे बढ़ना होगा। इसके लिये, मंत्रिमंडल ने हाल में २३ हजार करोड़ रुपये के पैकज को मंजूरी दी है। पूर्वोत्तर का हर राज्य स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने के लिये इस पैकेज की मदद ले सकता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के कुछ जिलों में कोविड–१६ की स्थिति चिंताजनक है और मुख्यमंत्रियों से सतर्क रहने तथा इसका और प्रसार रोकने के लिये तेजी से कदम उठाने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म स्तर पर वायरस का प्रसार रोकने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है और सूक्ष्म निषेध केंद्रों पर ज्यादा जोर दिए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हमें अपने टीकाकरण अभियान को लगातार गति देते रहने की जरूरत है।" विशेषज्ञों के मुताबिक देश के अधिकतर हिस्सों में कोविड–१६ के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र चिंता का सबब बना हुआ है संक्रमण के मामले या तो बढ़ रहे हैं या फिर राष्ट्रीय तर्ज पर कम नहीं हो रहे हैं।

# बंद मकान का ताला तोड़ घुसे चोरों ने लाखो का सामान किया पार

लखनऊ। लखनऊ सरोजनीनगर इलाके में बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर अंदर रखा लाखो रुपए कीमत का सामान पार कर दिया ।मकान का ताला टूटा देख पड़ोसी ने मकान मालिक को फोन कर बताया कि आपके मकान का ताला टूटा है और घर का सारा सामान चोरी चला गया है ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मकान मालिक के होश उड़ गए और आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची ने घटना की जांच पड़ताल कर पीड़ित से तहरीर ले ली है ।राज्य मध्य प्रदेश के जनपद भिंड के थाना भरौली के गोरम गांव के मूल निवासी रणविजय सिंह चौहान पुत्र लक्ष्मण सिंह चौहान थाना सरोजनीनगर के बिजनौर के शिव बिहार कालोनी में मकान बना कर सपरिवार रहते है।बताते है कि मई के पहले सप्ताह में सपरिवार मकान में ताला बंद कर अपने गांव जनपद भिंड मध्य प्रदेश चले गए थे। तभी इसी दौरान चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर घर में चोरी हो गई है ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मकान मालिक रणविजय सिंह चौहान घर वापस आए तो देखा कि मकान का ताला टूटा है और घर रखा लाखो का सामान गायब है ।घर से चोरी गए सामान में बुलेट मोटर



सायकिल ,मोटर सायकिल व स्कूटी ,किचेन का सारा सामान , कुकर ,लैपटप एल जी कम्पनी व एक टैबलेट के साथ ही घर में रखा गया गुल्लक में रखी कुछ नकदी सहित कई लाख रुपए की कीमत का सामान चोरों ने पार कर दिया है ।घटना जानकारी सूचना रणविजय सिंह चौहान ने पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर पीड़ित से तहरीर ली है ।

# गोरखपुर एसएसपी ने तीन लोगों को उनकी ईमानदारी पर सम्मानित किया

गोरखपुर। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने तीन लोगों को किया सम्मानित जिनका विवरण निम्न



वत है। १.फल विक्रेता जोगिंदर निषाद पुत्र बैजनाथ निवासी चकरा अउल थाना राजघाट जनपद गोरखपुर जिन्होंने आईपैड (कीमत करीब २ लाख रूपये) गिरा हुआ पाया जिसकी सूचना चौकी प्रभारी टीपी नगर को दी जिनके द्वारा आईपैड के मालिक का पता कर आईपैड उनको सुपुर्द किया गया। २.आटो चालक मनोज कुमार शर्मा निवासी गोकुलपुरम् थाना कैन्ट जनपद गोरखपुर जिन्होंने एक बैग जिसमें कैश २०,०००६ रूपये व शादी का सामान कीमत करीब २५,००० थी जो किसी सवारी का अपनी आटो में छूटा हुआ पाया । जिसकी सूचना पर चौकी प्रभारी एयरफोर्स द्वारा उक्त बैग के मालिक से संपर्क कर सुपुर्द किया गया। ३. हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह चौकी नौसढ़ थाना गीडा जिन्होंने सूचना पर कि पासवान ढ़ाला चौकी नौसढ़ थाना के पास गांव की तरफ वाली रोड पर पर्स गिरा हुआ है, जिसमें जरूरी कागजात,एटीएम, आईडी कार्ड थे को उसके मालिक से सम्पर्क कर सुपुर्द किया गया।

# फर्जी बैनामा कराकर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में शरसवां निवासी शरन सिंह पुत्र राम शरन सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त स्वाति चौधरी के पर्यवेक्षण एवं कुशल मार्ग दर्शन में और प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा के नेतृत्व में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम बैनामा कराने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया दिनांक १७ अक्टूबर २०१६ को वादी खालिद हुसैन पुत्र फरीद हुसैन निवासी भांडो का टोला इरादतनगर डालीगंज के द्वारा स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया था की आरोपी वादी की जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार करके किसी अन्य व्यक्ति को सामने खड़ा करके धोखाधड़ी से अपने नाम से बैनामा करा लिया जब इसकी जानकारी खालिद हुसैन को हुई तो उन्होंने संबंधित थाने में सूचना दी और पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरु कर दी सहायक पुलिस आयुक्त स्वाति चौधरी के निर्देशन में आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई। थाना गोसाईंगंज प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया सुबह




साढ़े नौ बजे मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि आरोपी इंद्रा नहर अंचली खेड़ा बैराज में छिपा हुआ है पुलिस ने दबिश डालकर मौके से अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेके जेल भेज गया है।

# सलमान खान को कथित फर्जीवाड़ा केस में चंडीगढ़ पुलिस का समन, 13 तारीख तक देना होगा जवाब

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान एक बार फिर से पुलिस, कोर्ट कचहरी को लेकर चर्चा में आ गए है। चंडीगढ़ पुलिस ने कथित तौर पर फर्जीवाड़ा केस में सलमान खान और उनकी बहन अलवीरा खान समेत ७ अन्य लोगों को आज गुरूवार को समन भेजा है। सलमान को इस नोटिस का जवाब १३ तारीख तक देना होगा। नहीं तो मुसिबत बढ़ सकती है। एएनआई के मुताबिक, चंडीगढ़ के एसपी केतन बंसल ने बताया है कि, सलमान सहित इन सभी को १३ जुलाई तक नोटिस का जवाब देना होगा। एसपी के कहा कि, अगर इसमें कुछ भी आपराधिक पाया जाता है तो कार्रवाई की भी



जाएगी। सलमान खान और अन्य लोगों को भेजे गए पुलिस नोटिस पर व्यापारी अरूण गुप्ता ने कहा– बींग ह्यूमन के दो कर्मचारियों ने मुझसे फ्रेंचाइज खोलने के लिए कहा। जिस पर हमें २ करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। उन्होंने हम पर निवेश के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया और कहा कि एक्टर सलमान खान शो रूम की ओपनिंग करने आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारी ने कहा कि, शो रूम खुल गया। न सलमान खान आए न ही हमें कोई स्पॉट नहीं मिला। हम सलमान खान से मिले भी लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। सलमान खान ने मेरे पत्रों का जवाब भी नहीं दिया। हमें डेढ़ साल से ज्यादा समय बीत चुका है।

# स्कूटी से गिरी किशोरी को बस नें रौंदा

लखनऊ। स्कूटी से मामा के घर जा रही किशोरी की सड़क हादसे में मंगलवार को मौत हो गई। हादसे के बाद बस को छोड़कर चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। पिपरी कुराखर गांव निवासी जाह्नवी निगम सुबह दस बजे स्कूटी से मामा के घर जाने के लिए निकली थीं। सैदापुर चौराहे पर वह जैसे ही पहुंची तभी वहीं पहले से खड़े पिकअप के चालक ने दरवाजा खोल दिया। ऐसे में पिकअप के दरवाजे से टकराने के कारण वह बीच सड़क पर गिर पड़ीं। जाह्नवी जबतक उठ पातीं तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि बस चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा के लिए जरूरी होगी RTPCR नेगेटिव रिपोर्ट : योगी

लखनऊ। कांवड़ यात्रा के साथ ही योगी सरकार कोरोना संक्रमण को लेकर भी गंभीर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि पारंपरिक कांवड़ यात्रा कोरोना प्रोटाकाल का पालन करते हुए ही निकाली जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि दूसरे राज्यों से आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता पर विचार–विमर्श कर निर्णय लें और दिशा–निर्देश जारी करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न बिंदुओं के साथ ही २५ जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर भी चर्चा की। अधिकारियों से यात्रा की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा से किसी भी तरह का संक्रमण का खतरा नहीं होना चाहिए। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड के सक्षम अधिकारियों से बात कर ली जाए। समन्वय बनाते हुए यात्रा को लेकर दिशा–निर्देश जारी करें। साथ ही



कांवड़ यात्रा के लिए अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता लागू करने पर भी विचार विमर्श कर लें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड संक्रमण के संबंध में विशेषज्ञों के भविष्य के आकलन को ध्यान में रखते हुए कांवड़ संघों से बातचीत कर अनुरोध कर लें कि कांवड़ यात्रा में कम से कम श्रद्धालु शामिल हों। पिछले दिनों भी सीएम ने पुलिस–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की थी। कहा था कि कोविड प्रोटोकाल का पालन कराया जाए। रास्तों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो और शिव मंदिरों में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए।उल्लेखनीय है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी सुझाव दिया है कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से बचने के लिए तीर्थ और पर्यटन पर तुरंत रोक लगा देनी चाहिए। संभव है कि इसे देखते हुए भी सरकार चाहती है कि कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट वालों को ही कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।


## अदालत ने वसीम रिजवी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करने का आदेश दिया

लखनऊ। लखनऊ की जिला अदालत ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी के खिलाफ अपने ही वाहन चालक की पत्नी से कथित तौर पर बलात्कार करने के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) अंबरीश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सआदतगंज के थाना प्रभारी को आदेश दिया है कि इस मामले में फौरन मुकदमा दर्ज करें और मामले की जांच कर तीन दिन के अंदर अदालत में अपनी रिपोर्ट पेश करें। कथित पीड़िता के वकील रियाज अहमद ने को बताया कि अदालत ने इसे महिला की अस्मिता से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए पुलिस को मामला दर्ज कर तीन दिन के अंदर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। सआदतगंज के थाना प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि उन्हें अदालत के आदेश की जानकारी जरूर मिली है लेकिन अभी उसकी प्रति प्राप्त नहीं हुई है। वह मिलने पर आवश्यक कार्यवांही की जाएगी। गौरतलब है कि वसीम रिजवी के वाहन चालक की पत्नी ने पिछले महीने सआदतगंज थाने में दी गयी शिकायत में आरोप लगाया था कि रिजवी ने उसके पति की अनुपस्थिति में जबरदस्ती घर में घुस कर उससे बलात्कार किया था। आरोप है कि रिजवी ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बना लीजिसके आधार पर वह उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे और निरंतर उसका यौन शोषण कर रहे थे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज नहीं किया था जिसके बाद कथित पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## केआरके ने कर दी भविष्यवाणी! रणबीर–आलिया की शादी २०२२ में, फिर १५ सालों के अंदर ही तलाक

नई दिल्ली। हमेशा में घिरे रहने वाले एक्टर कमाल राशिद खान सोशल मीडिया पर अपनी बयानबाजी के चलते खूब सुर्खियों में रहते हैं। अब केआरके ने एक नई बात कहते हुए भविष्यवाणी कर डाली है। केआरके ने ये भविष्यवाणी बॉलीवुड के उन स्टार्स के लिए की है जिनके लाखों की संख्या में फैंस हैं। केआरके ने इन दिनों चर्चा में बनी हुई बॉलीवुड की नई जोड़ी रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को लेकर भविष्यवाणी कर डाली है। केआरके ने एक ट्वीट किया है जिसमें उन्होंने प्रिडिक्शन पोस्ट्स करते हुए कई बातें लिखी हैं। उन्होंने एक पूर्वानुमान जताया है कि बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी कब होगी और उनके रिश्ते कब तक निभ पाएंगे। केआरके ने अपने ट्वीट में लिखा है कि, २०२२ के अंत तक रणबीर कपूर और



आलिया भट्ट की शादी हो जाएगी। साथ ही आगे उन्होंने फिर ऐसी बात लिख दी है जिसके बाद वे विवादों में आ गए हैं। उन्होंने लिखा कि, रणबीर कपूर शादी के १५ सालों के अंदर ही आलिया को तलाक दे देंगे। इसका मतलब ये हुआ कि २०३७ से पहले रणबीर कपूर आलिया को छोड़ देंगे। ये पूर्वानुमान जताकर केआरके एक बार फिर से ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। इस पोस्ट के बाद केआरके सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं। रणबीर और आलिया के फैंस केआरके के लिए तरह–तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। गौरतलब है कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट काफी समय से एक–दूसरे के साथ देखे जा रहे हैं। दोनों के परिवार भी एक–दूसरे से मिलते जुलते रहते है। हाल ही दोनों की सगाई की चर्चा भी सामने आई थी लेकिन अभी तक दोनों की ओर से कोई संकेत नहीं दिया गया है। अब दोनों जल्द ही फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगे।

## खराब मौसम के बीच गिरी बिजली, एक किशोर समेत दो की मौत

बलिया (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गड़वार और पकड़ी क्षेत्रों में मंगलवार को खराब मौसम के बीच गिरी बिजली की चपेट में आने से एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गड़वार थाना क्षेत्र के बसनवार गांव में खराब मौसम के बीच खेत में अचानक गिरी बिजली की चपेट में आने से जानवर चरा रहे युवक श्रीकांत यादव (१८) की मौत हो गई। उधर, पकड़ी थाना क्षेत्र के बहोरापुर गांव में राजू (१५) की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566
सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

## सुनील शेट्टी की बिल्डिंग में कोरोना की एंट्री, बीएमसी ने किया सील

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बिल्डिंग को सील कर दिया गया है। साउथ मुंबई में स्थित इसी बिल्डिंग में सुनील शेट्टी अपने परिवार के साथ में रहते हैं। दरअसल, इस बिल्डिंग में कोरोना वायरस की एंट्री हो गई, जिसके बाद से एक साथ कोरोना के कई केस सामने आने के बाद बीएमसी को ये कदम उठाना पड़ा है। बीएमसी के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण मुंबई के अल्टामाउंट रोड स्थित 'पृथ्वी अपार्टमेंट' को सील कर दिया गया है। बिल्डिंग को सील करने के बाद बीएमसी के सहायक आयुक्त ने कहा कि, बीएमसी ने साउथ मुंबई के अल्टामाउंट रोड स्थित 'पृथ्वी अपार्टमेंट' की इमारत को सील कर दिया है, बिल्डिंग में कुछ लोग कोरोना से पॉजिटिव पाए गए हैं। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी इमारत में रहते है। सुनील शेट्टी का पूरा परिवार सुरक्षित है। गौरतलब है कि सुनील शेट्टी बॉलीवुड सिनेमाजगत के मशहूर एक्टर है और अपनी एक्शन से भरपूर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। सुनील शेट्टी को उनकी शानदार फिटनेस के लिए भी लोग फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार भी थे। दोनों की ये जोड़ी काफी



पसंद करते है। सुनील शेट्टी ने फिल्म 'मोहरा' में अपने एक्शन से लोगों का दिल जीत लिया था। हिट साबित हुई थी जो आगे चलकर फिल्म 'हेराफेरी' में भी दिखाई दी थी।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक